## Occupational Health and Safety Including Manhole to Machine Hole



The State Institute of Urban Development, (SIUD) Dr. Raghunandan Singh Tolia, Uttarakhand Academy of Administration conducted a One-day training program on **"Occupational Health and Safety Including Manhole to Machine Hole"** from 17th, 18th and 19th February, 2025 in Nagar Palika Parishad, Ramnagar, Nagar Palika Parishad, Kaladhungi & Nagar Panchyat, Lalkuan. A total of 91 participants from Urban Local Bodies participated in the programme.

**Programme Objective:**

- Increasing understanding of importance and implications of occupational health and safety aspects.
- Promoting awareness on benefits and necessity of using mechanized methods for cleaning sewer lines and septic tanks thereby emphasizing their impact on health and efficiency.

  The expected outcome of the training program was to strengthen, capacitate and add value to the NAMASTE Scheme goals and improve the overall Swachh Survekshan outcomes.

## Training Event March, 2025

| S.N. | Name of the Training Programme | From | To | Course Director |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 55th Induction Training Programme for State Tax, Dy. Registrar & District Probation officers | 24.02.2025 | 25.03.2025 | Poonam Pathak |
| 2. | Post Disaster Needs Assessment (PDNA) : Long Term Recovery | 03.03.2025 | 05.03.2025 | Dr. Manju Pandey |
| 3. | Pundit Nain Singh Rawat Memorial Lecture | 03.03.2025 | 03.03.2025 | Poonam Pathak |
| 4. | Training cum Study tour of Combined Foundation Course 4th Batch Trainee Officers of BIPA&RD | 03.03.2025 | 08.03.2025 | Dr. Anil Kumar Mishra |
| 5. | Orientation Training Programme on office Procedures | 04.03.2025 | 06.03.2025 | Poonam Pant |
| 6. | Training on "Office Management" | 10.03.2025 | 12.03.2025 | Manwar Singh |
| 7. | Sensitization with Exposure Visit to best Practice Sites | 10.03.2025 | 11.03.2025 | Kruti Barpete |
| 8. | Mentoring Skills | 17.03.2025 | 19.03.2025 | V.K. Singh |
| 9. | Disaster management; building construction and housing model technology | 17.03.2025 | 19.03.2025 | Dr. Om Prakash |
| 10. | Conclave on Sustainable Development in Indian Himalayan Region | 19.03.2025 | 20.03.2025 | Manoj Pande |
| 11. | Training Programme for Economics and Statistical Officers of UP | 17.03.2025 | 22.03.2025 | Dr Anil Kumar Mishra |
| 12. | Gender Sensitization and Disaster Management | 20.03.2025 | 20.03.2025 | Ragini Tewari |
| 13. | Awareness Programmer on Fire an forest Fire | 20.03.2025 | 20.03.2025 | Dr. Om Prakash |
| 14. | Awareness Programmer on Fire an forest Fire | 21.03.2025 | 21.03.2025 | Dr. Om Prakash |
| 15. | Office & Financial Management | 21.03.2025 | 21.03.2025 | Ragini Tewari |
| 16. | Right to Information- 2005 | 22.03.2025 | 22.03.2025 | Ragini Tewari |
| 17. | Right to Information- 2005 | 24.03.2025 | 24.03.2025 | Ragini Tewari |
| 18. | Training in finance procurement rules for Senior Administrative Officers | 25.03.2025 | 27.03.2025 | Dr Anil Kumar Mishra |
| 19. | Localization of SDGs in urban Sprawls | 27.03.2025 | 29.03.2025 | Manoj Pande |
| 20. | Advanced Office Administration and Financial Management for Veterinary Officers | 24.03.2025 | 29.03.2025 | Dr Anil Kumar Mishra |
| 21 | 1-Week State Level Evaluation of Training (EoT) Original Date: 18-22.11.2024 | 24.03.2025 | 29.03.2025 | Richanshu Sharma |


डॉ. आर.एस. टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी
आर्डवेल कैम्प, नैनीताल – 263001
**Dr. R. S. Tolia Uttarakhand Academy of Administration**
**Ardwell Camp, Nainital - 263001**

Phone / फोन : 235011
: 236068
: 236149
STD एसटीडी : 05942
E-Mail ई–मेल
directoracademy@hotmail.com



मुद्रक





संख्या - 21
फरवरी, 2025


# अकादमी न्यूज़

## डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल


**संरक्षक**
बी0 पी0 पाण्डेय, महानिदेशक
मुहम्मद नासिर, संयुक्त निदेशक (प्र0)
**सम्पादक**
डॉ0 महेश कुमार, संयुक्त निदेशक
**प्रारूप**
आनन्द कुमार
**सहयोग**
ऋचांशु शर्मा, उप निदेशक (वित्त)
डॉ0 दीपा मेहरा रावत, सहायक निदेशक (व्य.वि.)
मनोज कुमार, योगेश कुमार


**Our Mission**

We work for the capacity building of civil servants, professionals, development functionaries and elected people's representative.

## आई.एफ.एस. अधिकारियों हेतु ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम



अकादमी में भारतीय वन सेवा (2023 बैच) के उत्तराखण्ड कैडर के नवनियुक्त अधिकारियों हेतु 03 दिवसीय ओरिएंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 03 से 05 फरवरी, 2025 के मध्य किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 03 प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को उत्तराखण्ड में शासकीय प्रशासनिक प्रणाली, राजस्व विभाग की संरचना व उसके मुख्य कार्यों, राजस्व अभिलेखों, म्यूटेशन प्रक्रिया, भूमि के प्रकारों व नियमों, श्रेष्ठ प्रशासन की दिशा में केन्द्रित सूचना के अधिकार अधिनियमय, वन विभाग की संरचना, दायित्वों एवं कार्यप्रणाली, आपदा प्रबन्धन, वित्तीय प्रबन्धन एवं कोषागार प्रणाली, अधिप्राप्ति नियमावली, जैम व आई.एफ.एम.एस. आदि विषयों से सम्बन्धित जानकारियाँ प्रदान की गई। प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु सम्बन्धित विषय के अनुभवी विशेषज्ञों तथा फील्ड में तैनात वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों को आमंत्रित किया गया।

## डिज़ाइन ऑफ ट्रेनिंग



अकादमी में दिनांक 03 से 07 फरवरी, 2025 के मध्य भारत सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा प्रायोजित 05 दिवसीय डिज़ाइन ऑफ ट्रेनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के विभिन्न विभागों / संस्थाओं के कुल 12 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों एवं विभागों में तैनात प्रशिक्षकों तथा ऐसे कार्मिकों हेतु निर्धारित है, जिनके ऊपर प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित करने का दायित्व रहता है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों के प्रशिक्षण मॉड्यूल के संबंध में ज्ञान एवं कौशल के विकास हेतु प्रयास किया जाता है, जिस क्रम में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संगठन में कार्य–निष्पादन समस्याओं का चिह्नीकरण, प्रशिक्षण लक्ष्य व उद्देश्य का निर्धारण, विषयों का चयन, दिवसवार कार्यसारणी का निर्माण, प्रशिक्षण विधियों का चिह्नीकरण, प्रशिक्षकों का चयन, पाठ्य सामग्री का चयन व निर्माण, आवश्यक संसाधन की व्यवस्था तथा वित्तीय लागत इत्यादि को सम्मिलित किया गया। प्रशिक्षण पश्चात् समस्त प्रतिभागियों द्वारा एक प्रोजेक्ट कार्य के रूप में अपने कार्य–क्षेत्र से संबंधित प्रशिक्षण मॉड्यूल को डिज़ाइन किया जाना है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 02 प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को प्रदत्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से अभ्यास करने का भी अवसर प्रदान किया गया।

## सूचना का अधिकार अधिनियम-2005



कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार नई दिल्ली एवं डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन दिनांक 01 फरवरी, 2025 को डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों एवं संस्थाओं से कुल 45 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों को सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी एवं सूचना का अधिकार से संबंधित Best Practices/Success Stories, Suomoto Disclosure etc. एवं विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

"The aim of education is the knowledge, not of facts, but of values." **—William S. Burroughs**

## सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 : एक-एक दिवसीय तीन सुदूरवर्ती प्रशिक्षण/कार्यशाला



कार्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार नई दिल्ली एवं डॉ0 आर0 एस0 टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल के संयुक्त तत्वाधान में एक–एक दिवसीय सूचना के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत कुल तीन कार्यशालाओं प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन निम्नानुसार से किया गया।

- ब्लाक सभागार, गैरसैंण –15 फरवरी, 2025
- विकास भवन, सभागार, रूद्रप्रयाग –17 फरवरी, 2025
- विकास भवन, सभागार, चमोली –19 फरवरी, 2025

उक्त कार्यशालाओं / प्रशिक्षण कार्यकमों में कुल 249 प्रभिागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों को सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित जानकारी प्रदान की गयी एवं सूचना का अधिकार संबंधित Best Practices/Success Stories, Suomoto Disclosure etc. एवं विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

## Disaster Management



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 03 फरवरी 2025 एवं 11 फरवरी, 2025 की अवधि में Disaster Management विषयक दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन राजकीय बालिका इन्टर कॉलेज, तल्लीताल, नैनीताल तथा सी.आर.एस.टी. इन्टर कॉलेज, मल्लीताल, नैनीताल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आपदा प्रबन्धन सम्बन्धी जानकारियाँ प्रदान करना था, जिससे वे किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने में सक्षम हो सकें। इन प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 91 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Disaster Risk Resilience: Fire & Forest Fire



आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 17–19 फरवरी 2025 की अवधि में Disaster Risk Resilience: Fire & Forest Fire विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अकादमी, नैनीताल में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन एवं अन्य कारणों से आग तथा वनाग्नि की बढ़ती आवृत्ति व तीव्रता के दृष्टिगत् अधिकारियों, कार्मिकों, समुदायों एवं पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करना था, जिससे जीवन, सम्पत्ति और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को न्यून किया जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य से कुल 30 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Sevottam & Good Governance



डॉ. रघुनन्दन सिंह टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी, नैनीताल द्वारा दो दिवसीय Sevottam & Good Governance प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 13 एवं 15 फरवरी, 2025 की अवधि में अकादमी, नैनीताल किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सेवा प्रदात्ता विभाग के समूह 'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों यथा–राजस्व, ग्राम्य विकास विभाग, वन विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, शहरी विकास, उद्यान विभाग, डेयरी विकास विभाग, जल संस्थान, पशुपालन, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, के 33 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न सेवाप्रदाता विभागों के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण सेवा उपलब्ध कराने हेतु Ethics in inter Personal relationship, Ethical decision-making., Sevottam Model : Citizen Centric Governance & Public Service Selivery, Capacity Building, Employee Motivation & Mission Karmayogi, e Governance & Digital Security, Apuni Sarkar, Importance of Standardization & Role of BIS, Total Quality Management (TQM)-A Tool for Sevottam & Quality Management System, इत्यादि विषयों में प्रशिक्षित करते हुए उनकी प्रशासनिक क्षमता में गुणोत्तर वृद्धि करना था। जिससे कि नागरिकों को उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न सेवाओं को निर्धारित समयान्तर्गत उपलब्ध कराते हुए शिकायतों में कमी लायी जा सके।

## Land Laws and Management Skills



निदेशक वानिकी प्रशिक्षण संस्थान, उत्तराखण्ड के अनुरोध पर उत्तराखण्ड वन विभाग के अधिकारियों हेतु अकादमी में 'उत्तराखण्ड भू–विधि तथा प्रबन्धन कौशल (Land Laws and Management Skills) विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनॉक 10–12 फरवरी, 2025 के मध्य आयोजित किया गया। विभाग के से चर्चा कर अधिकारियों के Job Chart के आधार पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु विषय–वस्तु निर्धारित की गई। प्रशिक्षण में 13 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## 55th Induction Training Programme



अकादमी में दिनांक 24 फरवरी से 25 मार्च, 2025 की अवधि में उत्तराखण्ड के स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, राज्य कर विभाग एवं महिला कल्याण विभाग के नवनियुक्त अधिकारियों हेतु एक माह का 55वाँ सेवा प्रवेश प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 36 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नवनियुक्त अधिकारियों को प्रशासन तंत्र की आवश्यकताओं व जन–अपेक्षाओं के अनुरूप प्रतिभागियों की क्षमता विकसित करना, प्रादेशिक सेवाओं के अन्तर सम्बन्धों, पारस्परिक निर्भरता के महत्व एवं उनके व्यवहार की समझ विकसित करना, व्यवसायिक, प्रशासनिक एवं मानवीय मूल्यों के विकास के प्रति अभिप्रेरित करना तथा प्रतिभागियों को एक कुशल लोक सेवक की भूमिका के निर्वहन के लिए तैयार कराना रहा। जिससे कि प्रशिक्षु अधिकारी प्रशिक्षण पश्चात् कार्य स्थल पर उत्कृष्टतापूर्वक कार्य कर सकें।

## Learning-cum-Exposure Visit for Officers of Bihar Govt.



अकादमी में बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा प्रायोजित Learning-cum-Exposure Visit for Bihar Institute of Public Administration & Rural Development Officials विषयक पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 24–28 फरवरी, 2025 के मध्य सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व अधिकारी, सहायक आपदा प्रबन्धन अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी, जेल अधीक्षक, जिला लेखा अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं उप–पुलिस अधीक्षक, वित्त अधिकारी, आबकारी अधीक्षक, जिला सेवायोजन अधिकारी, श्रम सूचना अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशिक्षु अधिकारियों में व्यापक समझ, पर्यटन विकास, जैव विविधता और वन पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन, वित्तीय प्रबंधन कौशल, स्थानीय शासन को समझना, अनुप्रयोग–उन्मुख शिक्षा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और संस्थागत ढांचा, राज्य घरेलू उत्पाद का अनुमान और तुलनात्मक विश्लेषण करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित कुल 111 प्रशिक्षु अधिकारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## Training Program for Pharmacists of Ayurvedic and Unani Services Department



आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाएं विभाग के फार्मासिस्टों हेतु अकादमी में 03 दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 13 से 15 फरवरी, 2025 तक की अवधि में आयोजित किया गया। विभाग के फार्मासिस्टों को आयुष हैल्थ एवं वैलनेस केन्द्र संबंधी जानकारी, चिकित्सालय में औषधियों व पंजीकाओं के रख रखाव, कम्प्यूटरीकृत डाटा प्रबन्धन की जानकारी दी गई। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभागीय विषयों के अन्तर्गत Overview of Ayushman Arogya Mandir Under NAM/NABH Accreditation/ current status, Overview of National Ayush mission(NAM), Various records to be maintained at AHWC, IEC module for peripheral worker at AHWC, Rapid kit based diagnosis at AHWC, Basic Concepts of Lifestyles Modifications Yogic Science and Dietary Mechanism., Role of Pharmacist in operation and execution of mission activities. Stock management and dispensing, Population screening for NCD/CBAC Form/Family Empanelment, Referral mechanism and criteria at AHWC, Management information System(MIS)/Ayushman bharat portal reporting. form-1, Total Quality Management. इसी प्रकार Leave Rules, LTC, TA/DA/TTA, Concet of Cooperation & Coordination एवं उत्तराखण्ड आचरण नियमावली पर भी प्रशिक्षण दिया गया।

## Training on Financial Modelling of the Technical Projects and Procurement DPRs, Procurement Rules, Tender Documents and Use of Online Platforms



The state institute of Urban Development, (SIUD) Dr. Raghunandan Singh Tolia, Uttarakhand Academy of Administration conducted a three-day training program on **"Training on Financial Modelling of the Technical Projects and Procurement DPRS, Procurement Rules, Tender Documents and Use of online Platforms"** from 05th to 07th February, 2025 in academy. A total of 25 participants from urban local bodies participated in the programme.

**Programme Objective:**

- To introduce participants to project management principles and their application in DPR preparation.
- To provide a structured approach to urban infrastructure project execution and monitoring using modern tools like PERT, CPM, and Gantt charts.
- To enhance participants' understanding of e-tendering and the use of online platforms such as GeM.
- To familiarize participants with financial modelling concepts, valuation techniques, and financial metrics used in project analysis.
- To provide hands-on training on Uttarakhand Procurement Rules 2017, tendering document preparation, and sector-specific DPRs.